पाठ - 5 वाक्य विचार

अभ्यास कार्य :-

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए -

क) दीपक रुपए लौटाएगा। (संदेहवाचक वाक्य)
उत्तर - शायद दीपक रुपए लौटाए।

ख) अशोक खीर खाता है। (निषेधवाचक वाक्य)
उत्तर - अशोक खीर नहीं खाता है।

ग) दीपिका स्कूल जाएगी। (इच्छावाचक वाक्य)
उत्तर - भगवान करे दीपिका स्कूल जाए।

घ) शेर दहाड़ता है। (प्रश्नवाचक वाक्य)
उत्तर - क्या शेर दहाड़ता है ?

प्रश्न 6. (घ) आज्ञावाचक वाचक किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए।
उत्तर - जिस वाक्य से आज्ञा, आदेश, अनुमति या अनुरोध का बोध हो, वह आज्ञावाचक वाक्य कहलाता है ; जैसे - करण बारिश में बाहर मत जाओ।

प्रश्न 7. (ग) संयुक्त वाक्य को स्पष्ट करते हुए परिभाषा लिखिए।
उत्तर - दो या दो से अधिक वाक्य जब समुच्चयबोधक (पर,किंतु, परंतु, और आदि) से जुड़े होते हैं, तो संयुक्त वाक्य कहलाते हैं ; जैसे - बस बहुत धीरे चल रही थी इसलिए मैं देर से घर पहुँचा।

प्रश्न 7 (घ) मिश्रित वाक्य किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए।
उत्तर - जब किसी विषय पर पूरी तरह से विचार प्रकट करने के लिए कई साधारण वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य की रचना की जाती है, तब ऐसे वाक्य को मिश्रित वाक्य कहते हैं। इनमें से एक वाक्य प्रधान होता है तथा अन्य वाक्य गौण या उस पर आश्रित होते हैं ; जैसे - जो परिश्रम करता है, वह सफलता पाता है।

1. **वाक्य परिवर्तन के कुछ उदाहरण** –

(सरल वाक्य से संयुक्त और मिश्रित वाक्य में बदलना)

क) रमेश हिंदी पढ़ने के लिए शास्त्री जी के यहाँ गया है । (सयुंक्त)
उत्तर - रमेश को हिंदी पढ़नी है इसलिए शास्त्री जी के यहाँ गया है ।

ख) देश के लिए मर-मिटने वाला सच्चा देशभक्त होता है । (मिश्रित)
उत्तर - जो देश के लिए मर मिटता है, वह सच्चा देशभक्त होता है ।

गृहकार्य

2**. निम्नलिखित का एक-एक उदाहरण लिखिए -**

विधानवाचक वाक्य - ---------------------------------
निषेधवाचक वाक्य - ---------------------------------
इच्छावाचक वाक्य - ---------------------------------
विस्मयादिवाचक - ---------------------------------

**** Do everything in your Hindi Grammar Copy with neat and clean handwriting.**